जबलपुर | गुरुवार । 8 जनवरी 2026 । वर्ष 76 । अंक 335 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण




# सुकमा में 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

- 64 लाख का इनाम था नक्सलियों पर
- 2005 से अब तक छोटे-बड़े नक्सल घटनाओं में शामिल थे

**सुकमा, 07 जनवरी ( वार्ता ) छत्तीसगढ़ में माओवादी संगठन ताश की पत्तों की तरह बिखरने लगा है. बुधवार को फिर सुकमा जिले में 26 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें सात महिला नक्सली शामिल हैं. इन नक्सलियों पर 64 लाख रुपयों का इनाम घोषित था.**

सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक अर्ध सैनिक बल के बहुत से बटालियन (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 02, 159, 212, 217, 226 और कोबरा 201) की शाखा के जरिए नक्सलियों को आत्म समर्पण के मनाया जा रहा था, सीआरपीएफ, डीआरजी और अन्य बलों की मेहनत के कारण आज आखिरकार राज्य पुलिस को इस काम में सफलता हाथ लगी है.



लाली उर्फ मुचाकी आयते, मुरिया आदिवासी डिप्टी कमांडर रैंक की नक्सली है. इस पर दस लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था. वर्ष 2005 से अब तक यानी कि बीस वर्षों में यह नक्सली आठ छोटे बड़े नक्सल घटनाओं में शामिल थी. यह नक्सली एके 47 लेकर चला करती थी, ग्राम सोनाबेड़ा से कोरापुट मार्ग में साल 2017 में सुरक्षा बल के एक वाहन को आईईडी लगाकर उड़ा दिया गया था, इस ब्लास्ट में 14 जवानों की शहादत हुई थी.

लाली की तरह दूसरे इनामी नक्सली हेमला (जगर गुंडा जिला सुकमा के बारे में पुलिस ने बताया कि इस नक्सली पर आठ लाख रुपयों का इनाम घोषित था. वर्ष 2011 से अब तक यह नक्सली पांच छोटी-बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है. वर्ष 2020 - मिनपा में हुए मुठभेड़ में पुलिस के 17 जवानों की शहादत हुई थी, यह नक्सली इस मुठभेड़ के दौरान वहां मौजूद था. महिला नक्सली आसमीता उर्फ कमलू पर आठ लाख का इनाम घोषित था. वह पीएलजीए कंपनी नंबर 7 की सदस्य थी. मुचाकी संदीप उर्फ हिड़मा के ऊपर पांच लाख का ईनाम घोषित था, मुचाकी के बारे में पुलिस ने बताया कि यह नक्सली केंद्रीय समिति के सदस्य जंपन्ना (कंधमाल कालाहांडी बोध नयागढ़ डिविजन) की सुरक्षा टीम में रहा है.

## डिजिटल अरेस्ट का डर दिखा बुजुर्ग महिला से ठगे 17 लाख

**इंदौर, 07 जनवरी.** खुद को कभी टेलीकॉम अधिकारी, कभी थाने की इंस्पेक्टर और फिर सीबीआई अफसर बताकर साइबर ठगों ने 61 वर्षीय महिला को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने का डर दिखाया और पांच दिन में उससे 17 लाख रुपए ठग लिए. बदनामी और गिरफ्तारी के डर से महिला लंबे समय तक पुलिस के पास नहीं पहुंची. अब परिजनों की समझाइश के बाद क्राइम ब्रांच में मामला दर्ज कराया है. महिला के मोबाइल पर तीन अलग अलग नंबरों से कॉल आए. पहले कॉल करने वाले ने खुद को ब्रजेश कुमार बताते हुए टेलीकॉम कंपनी का अधिकारी होने का दावा किया. उसने कहा कि महिला के नाम से एक और सिम जारी हुई है, जिससे संदिग्ध लेन देन किया जा रहा है. महिला ने जब इससे इनकार किया तो आरोपी ने बताया कि कोलाबा पुलिस थाने में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज है और उसे मुंबई आना होगा.

# इंदौर में इमरजेंसी लैंडिंग

- उड़ान के बीच बिगड़ी मासूम की हालत, मौत
- बच्चे को अचानक सांस लेने में हुई थी परेशानी

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 07 जनवरी.** जयपुर से बेंगलुरु जा रही एक यात्री विमान में उस वक्त अफरा तफरी मच गई, जब उड़ान के दौरान एक साल के बच्चे की तबीयत अचानक गंभीर हो गई. सांस लेने में दिक्कत की सूचना मिलते ही पायलट ने तत्काल इंदौर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई. एयरपोर्ट पर डॉक्टरों की टीम और एम्बुलेंस की तुरंत व्यवस्था के बावजूद बच्चे को नहीं बचाया जा सका.

एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स 1240 मंगलवार शाम 5.30 बजे जयपुर से रवाना हुई थी, जिसे रात 8.10 बजे बेंगलुरु पहुंचना था. उड़ान के दौरान विमान में सवार एक साल के बच्चे को अचानक सांस लेने में परेशानी होने लगी. परिजनों ने तुरंत केबिन क्रू को इसकी जानकारी दी. हालत लगातार बिगड़ती देख पायलट ने शाम करीब 7.20 बजे इंदौर एयरपोर्ट से संपर्क किया. एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने तत्काल मेडिकल इमरजेंसी घोषित करते हुए विमान को इंदौर में लैंडिंग की अनुमति दी. शाम 7.50 बजे विमान के इंदौर एयरपोर्ट पर उतरते ही बच्चे को तुरंत बाहर निकाला. फ्लाइट में मौजूद एक डॉक्टर पहले से ही बच्चे को सीपीआर दे रहे थे. एयरपोर्ट पर तैनात मेडिकल टीम ने भी सीपीआर जारी रखते हुए उसे एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉल्फिन हॉस्पिटल रेफर किया. हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो चुकी थी. अस्पताल प्रबंधन के अनुसार बच्चे का नाम मोहम्मद अबरार (उम्र एक साल) था.

# पीएम मोदी और नेतन्याहू ने फोन पर की बात

### इंडिया-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा

**नई दिल्ली, 07 जनवरी. भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन पर एक-दूसरे से बातचीत की. इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी और काउंटर टेररिज्म जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई. प्रधानमंत्री मोदी ने खुद इसकी जानकारी दी. पीएम मोदी ने इजरायली प्रधानमंत्री और वहां की जनता को नए साल की शुभकामनाएं दीं. इसके साथ ही दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात पर भी चर्चा की.**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा, अपने दोस्त, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें व इजरायल के लोगों को नए साल की बधाई देकर खुशी हुई. हमने आने वाले साल में इंडिया-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की. हमने क्षेत्र के हालात पर भी अपने विचार शेयर किए और आतंकवाद से और मजबूती से लड़ने के अपने इरादे को दोहराया. इससे पहले दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने पिछले साल 10 दिसंबर 2025 को एक-दूसरे से फोन पर बात की थी.



## बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की मौत

**ढाका, 07 जनवरी.** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की एक और घटना सामने आई है. उत्तर बांग्लादेश के नौगांव जिले में चोरी के शक में पीछा किए जाने के दौरान एक हिंदू युवक की डूबने से मौत हो गई. मृतक की पहचान मिथुन सरकार के रूप में हुई है. इस घटना के साथ ही बांग्लादेश में एक माह के भीतर सात हिंदुओं की मौत हो चुकी है. महादेवपुर इलाके में कुछ लोगों ने मिथुन सरकार पर चोरी का आरोप लगाते हुए उसका पीछा किया. डर के कारण वह पास के एक तालाब में कूद गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस और फायर सर्विस की मदद से शव बरामद किया गया.

# मॉरिशस के राष्ट्रपति ने वेकटेश्वर स्वामी मंदिर में की प्रार्थना

**तिरुमाला, 07 जनवरी ( वार्ता )** मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखुल ने बुधवार को यहां श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रार्थना की। मंदिर के महाद्वारम पर पहुंचने पर आंध्र प्रदेश के बंदोबस्ती मंत्री अनम रामनारायण रेड्डी के साथ तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् (टीटीडी) के अध्यक्ष बीआर नायडू और टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) अनिल कुमार सिंघल ने उनका स्वागत किया। टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने मंदिर की परंपरा का पालन करते हुए सबसे पहले वराह स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने पीठासीन देवता के साथ-साथ वैकुंठ द्वारम के भी दर्शन किए। दर्शन के बाद, मंदिर परिसर के भीतर रंगनायकुलु मंडपम में वैदिक विद्वानों ने उन्हें वेद आशीर्वचन दिया । इस अवसर पर टीटीडी बोर्ड के प्रमुख ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को श्रीवारु की एक लैमिनेटेड तस्वीर और प्रसादम भी भेंट किया।



धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

## नड्डा कोलकाता में आज लेंगे बैठकें

**कोलकाता, 07 जनवरी.** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा गुरुवार को पश्चिम बंगाल में दौरे के दौरान विधानसभा चुनाव से संबंधित दो महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होंगे, जिनमें प्रशासनिक तथा राजनीतिक मामलों पर चर्चा की जाएगी। भाजपा सूत्रों ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष बुधवार को कोलकाता पहुंचे और वे आज शहर में एक स्वास्थ्य-संबंधी सेमिनार में भाग लेंगे। राज्य समिति के एक सदस्य ने पुष्टि की कि बाद में वे भाजपा के पश्चिम बंगाल नेतृत्व की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता करेंगे।



# अमीरों को भी एक सामान्य व्यक्ति की तरह मुकदमे का सामना करना चाहिए

**नई दिल्ली, 07 जनवरी ( वार्ता ) उच्चतम न्यायालय ने अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर मामले में प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) द्वारा संपत्ति कुर्क किए जाने को चुनौती देने वाली अधिवक्ता गौतम खेतान की याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया. न्यायालय ने कहा कि खेतान की ओर से उठाए गए कानूनी मुद्दे पहले से ही विजय मदनलाल चौधरी फैसले से जुड़ी लंबित समीक्षा याचिकाओं के विचाराधीन हैं.**


सुनवाई के दौरान खेतान की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने अदालत से लंबित समीक्षा याचिकाओं में हस्तक्षेप करने की अनुमति मांगी. इस पर मुख्य न्यायाधीश ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि मुकदमे से बचने के लिए बार-बार संवैधानिक उपायों का सहारा लेने की ऐसी प्रथाएं बंद होनी चाहिए. मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ये अमीर आवेदक सोचते हैं कि वे किसी भी मुकदमे से बच सकते हैं. आपको भी एक सामान्य व्यक्ति की तरह मुकदमे का सामना करना चाहिए.

> इससे पहले मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची की पीठ ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुर्की की कार्यवाही की वैधता की जांच करने से इनकार कर दिया. पीठ ने कहा कि इस कानून की धारा 44(1)(सी) की संवैधानिकता का मुद्दा पहले से ही न्यायालय के समक्ष समीक्षा का विषय है. मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, चूंकि विजय मदनलाल मामले में पीएमएलए के प्रावधानों को लागू करने का मुद्दा समीक्षा याचिकाओं में विचाराधीन है, इसलिए हमें लगता है कि धारा 44(1)(सी) की वैधता की जांच भी उन्हीं कार्यवाहियों के दौरान की जाएगी.

**तैयारी** एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का 5वां सम्मेलन, इसरो के पूर्व प्रमुख ने कहा

# 2040 तक चंद्रमा पर यात्रियों को उतारेगा भारत

**अहमदाबाद, 07 जनवरी. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो ) के पूर्व प्रमुख एएस किरण कुमार ने बुधवार को कहा कि भारत की योजना 24 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की है. वर्तमान में भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला ( पीआरएल ) की प्रबंधन परिषद के अध्यक्ष कुमार एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया ( एएसआई ) के 5वें सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे.**



उन्होंने कहा, अब से लेकर 2040 तक अंतरिक्ष गतिविधियों में कई मिशन चलाए जाने वाले हैं. पीआरएल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के इतर मीडिया से बातचीत में इसरो के पूर्व प्रमुख ने देश के अंतरिक्ष अन्वेषण के बारे में विस्तार से बताया.

उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में चंद्रयान से संबंधित एक मिशन होगा और जापान के साथ लैंडर और रोवर पर काम चल रहा है. कुमार ने कहा, हमें चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में कुछ विशिष्ट जानकारी खोजने का प्रयास करना चाहिए. यह तो आगे की गतिविधियों की बस, शुरुआत होगी. उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों, इंजीनियरिंग संस्थानों और निजी कंपनियों के लिए भी भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण में योगदान देने के कई अवसर खुलेंगे.

### फिर इतिहास रचने की तैयारी में इसरो

श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी को अपने पीएलएलवी-सी62 मिशन को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर (एसडीएससी) के प्रथम लॉन्च पैड से सुबह 10.17 बजे पर लॉन्च करेगा. इस मिशन की घोषणा इसरो ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की.